विदेशी निवेश के साथ आएंगी सात लाख नौकरियां, रोजगार की भी होगी बरसात

राजीव बाजपेयी • लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भारी-भरकम निवेश से आने वाले कुछ दिनों में नौकरियों की बहार होगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से केवल विदेश से जो निवेश आ रहा है, उससे ही सात लाख नौकरियां मिलेंगी, लेकिन कुल 22 लाख करोड़ के निवेश से पौने दो करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार मिलेगा। निवेश के यह आंकड़े अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के साथ ही नौकरियां और रोजगार देने में रिकार्ड बनाने जा रहे हैं।

दस से 12 फरवरी के बीच होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सरकार ने करीब 17 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा था, लेकिन इससे पहले ही 22 लाख करोड़ के प्रस्तावों से उम्मीदें सातवें आसमान पर हैं। सरकार ने विदेश से निवेश लाने की जो योजना बनाई थी, उसमें उम्मीद से अधिक परिणाम आया। सरकार के शीर्ष मंत्री और नौकरशाह विदेश में 21 शहरों में रोड शो कर सात लाख करोड़ से अधिक का निवेश लाने में सफल रहे। इतने बड़े निवेश से नौकरियों की अपार संभावनाएं पैदा हुई हैं।

इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन यावर अली शाह का कहना है कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और कारोबारी नीतियों को सुगम बनाने पर बहुत काम हुआ, जिससे निवेशक आकर्षित हुए। अब लाखों नौकरियों और रोजगार के कई अवसर हमारे सामने हैं।

इंडो अमेरिकन चेंबर के निदेशक मुकेश सिंह का कहना है कि सरकार ने उद्योगों के लिए नीतियों में परिवर्तन किया, जिसका असर देखा जा रहा है। एक्सप्रेस वे और हाइवे बन रहे हैं, जो यूपी के छोटे से छोटे जिले को जोड़ रहे हैं।

एयर कनेक्टिविटी भी आज हर बड़े शहर के लिए उपलब्ध है। यही वजह है कि विदेश से निवेश आ रहा है और नौकरियों की अपार संभावनाएं युवाओं के सामने हैं।

यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सीईओ अभिषेक प्रकाश का कहना है कि भारी भरकम निवेश से यूपी विकास के पथ पर सबसे तेज दौड़ने वाला प्रदेश बनेगा। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, होटल, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, लाजिस्टिक के साथ आइटी और इलेक्ट्रानिक्स सहित कई अन्य क्षेत्रों में रोजगार और नौकरियों की अपार संभावनाएं पैदा होंगी। करीब पौने दो करोड़ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे।

अवसर

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

- यूपी के युवाओं के लिए गेम चेंजर साबित होगा इन्वेस्टर्स समिट
- 22 लाख करोड़ के निवेश से बनेगा रोजगार देने का कीर्तिमान

इन देशों में रोड शो कर तैयार की निवेश की जमीन

यूएई, इंग्लैंड, स्वीडन, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, नीदरलैंड, फ्रांस, मैक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना, जर्मनी, बेल्जियम, कनाडा, जापान, यूएसए और मारीशस

कंट्री पार्टनर : नीदरलैंड्स, डेनमार्क, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया, द यूनाइटेड किंगडम, यूएई, इटली व मारीशस

विदेश से अब तक कुल निवेश प्रस्ताव

देश	निवेश प्रस्ताव (रुपये में)
यूएई	21622 करोड़
कनाडा और यूएसए	21922 .5 करोड़
नीदरलैंड और फ्रांस	10704 करोड़
जापान और दक्षिण कोरिया	25456 करोड़
जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन	176740 करोड़
मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना	1300 करोड़
सिंगापुर और आस्ट्रेलिया	26120 करोड़
यूके व यूएसए	467106 .415 करोड़
कुल	7 .12 लाख करोड़

सीएम आवास के पास ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की हो रही तैयारी • जागरण

नौकरियां की बहार ही बाहर

देश	नौकरी
यूएई	29435
कनाडा और यूएसए	8195
नीदरलैंड और फ्रांस	7060
जापान और दक्षिण कोरिया	17000
जर्मनी, बेल्जियम स्वीडन	49900
मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना	2700
सिंगापुर और आस्ट्रेलिया	22250
यूके व यूएसए	561450
कुल	702,390